ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहॉपुर।

प्रेस विज्ञप्ति

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

दिनांक– 14.08.2021

''वीर शहीदों को नमन''

''स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें''

- 15 अगस्त 2021 स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदइय संतोष कुमार शर्मा के निर्देशानुसार नगर में बने शहीदों की प्रतिमाओं एवं उनके आसपास साफ–सफाई एवं सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया।

- कोविड–19 के दृष्टिगत शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देशानुसार आज दिनांक 14.08.2021 को नगर क्षेत्र में बने स्कूल एवं इण्टर कॉलेजों में कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

- कोविड–19 महामारी के संक्रमण के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 14.08.2021 को नगर में स्थित सरकारी अस्पताल एवं नगरीय स्वास्थ्य केन्द्रों पर साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) का कार्य कराया गया।

- कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 14.08.2021 को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

1. 15 अगस्त 2021 स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देशानुसार नगर में बने शहीदों की प्रतिमाओं एवं उनके आसपास साफ–सफाई एवं सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जिसके अन्तर्गत नगर क्षेत्र में बने वीर शहीदों की प्रतिमाओं– नगर निगम प्रांगण, शहीद पार्क, पं0 रामप्रसाद बिस्मिल पार्क, अम्बेडकर पार्क, रमेशचन्द्र पार्क, गॉधी पार्क, अशफाक उल्ला खॉ मजार, केरुगंज एवं अन्य स्थलों पर वृहद स्तर पर विशेष साफ–सफाई एवं सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। इसके अतिरिक्त कल दिनांक 15.08.2021 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नगर में सभी वीर शहीदों की प्रतिमाओं व धार्मिक स्थलों पर विशेष सफाई व्यवस्था, चूने छिड़काव का कार्य व सेनेटाइजेशन का कार्य कराये जाने हेतु समस्त सफाई एवं खाद्‌य निरीक्षकों को विशेष दिशा–निर्देश दिये गये।

2. कोविड–19 के दृष्टिगत शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देशानुसार आज दिनांक 14.08.2021 को नगर क्षेत्र में बने स्कूल एवं इण्टर कॉलेजों सेनेटाइजेशन का कार्य में कराया गया। शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 16.08.2021 को नगर में बने प्राथमिक विधालयों, स्कूल, कालेजों का खुलना है, जिसको ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देशानुसार सफाई एवं खाद्‌य निरीक्षकों की देखरेख में नगर क्षेत्र में बने स्कूलों एवं कालेजों– ॲगनें लाल इण्टर कॉलेज, एबीरिच इण्टर कॉलेज, एज0एड0 खान इण्टर कॉलेज, जनता इण्टर कॉलेज आदि में वृहद्‌ स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया।

3. अपर मुख्य सचिव महोदय के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढते सक्रमण के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा नगर में स्थित सरकारी अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक शनिवार, रविवार एवं सोमवार को साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) कराये जाने के विशेष निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देशों के क्रम में नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को नगर में विशेष अभियान के दौरान नगर में प्रत्येक शनिवार, रविवार एवं सोमवार को नगर में अवस्थित जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नगरीय स्वास्थ्य इत्यादि के परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) की कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के लिये निर्देशित किया गया। निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 14.08.2021 को नगर क्षेत्र के जिला चिकित्सालय, सरकारी मेडिकल कॉलेज, रेलवे स्वास्थ्य केन्द्र रोजा, पूराना जिला अस्पताल, ओ.सी.एफ. अस्पताल (कैन्ट) एवं नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र– सराय काईयां, पुलिस लाइन, लोधीपुर, कटिया टोला, ककरा खुर्द, ककरा कलां, जली कोठी, हुसैनपुरा, अजीजगजं, एमनजई जलालनगर, तारीन जलालनगर में विशेष अभियान के तहत साफ–सफाई एवं सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया।

4. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के संक्रमण को नगर में जड़ से मिटाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया किया है। जिसके क्रम में आज दिनांक 14.08.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, ऑफीसर्स कालोनी, निरीक्षण भवन, दुर्घटना न्यायालय, एमनजई जलालनगर में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा मामूड़ी में सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया। जोन–3 के अर्न्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा महमंद जंगला, अलीजई, तिलहरजई, मदराखेल एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा अजीजगंज रैन बसेरा, मोक्षधाम, गॉधी पार्क, अब्दुल्लागंज एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा ॲगने लाल इण्टर कॉलेज, ख्वाजा फिरोज, थाना रामचन्द्र मिशन में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान आज दिनांक 14.08.2021 को लगभग 5225 स्थलों तथा 850 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हॉस्पिटल, स्कूल, कॉलेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनुमतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर दिनांक 15 अगस्त 2021 स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिगत नगर क्षेत्र में बने वीर शहीदों की प्रतिमाओं– नगर निगम प्रांगण, शहीद पार्क, पं0 रामप्रसाद बिस्मिल पार्क, अम्बेडकर पार्क, रमेशचन्द्र पार्क, गॉधी पार्क, केरुगंज एवं अन्य स्थलों पर वृहद स्तर पर विशेष साफ–सफाई एवं सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।